DOON UNIVERSITY
NEWSPAPER CLIPPING SERVICES

'सार्वजनिक जर्नल्स से शोध में मिलेगी मदद'

देहरादून। दून विश्वविद्यालय के केंद्रीय पुस्तकालय की ओर से हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विवि के सहयोग से कार्यशाला का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. सुरेखा डंगवाल ने कहा, सार्वजनिक रूप से उपलब्ध जर्नल्स (ओपन एक्सेस जर्नल्स) से नए शोध करने वालों को मदद मिलेगी। कुलपति ने कहा, शोधकर्ता ओपन एक्सेस जर्नल्स में प्रकाशन करके अपनी दृश्यता और प्रशस्तिपत्र प्रभाव को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ा सकते हैं। उन्होंने भारत में ओपन एक्सेस मूवमेंट का पुरजोर समर्थन किया और इस मॉडल को अपनाने की बात कही। कार्यशाला में देश भर के 20 संस्थानों के शोध विद्वानों, अकादमिक पेशेवरों और पुस्तकालय विशेषज्ञों सहित 100 से अधिक लोगों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विवि के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार, छात्र कल्याण के डीन प्रो. एचसी पुरोहित, डॉ. शिवराम राव, डॉ. मोहित गर्ग, डॉ. अरविंद आर. नायर मौजूद रहे। संवाद

News paper – Amar Ujala
Date – 28.07.2024